U'LFA's letter to United Nations

1441. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government are aware that ULFA functionaries have moved the United Nations through a letter to the United Nations Secretary General on 26th October, 1990 saying that Assam; be declared a colony of India; and

(b) if so, what steps Government are taking in this connection?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) and (b) As per news item appeared in 'Budh Bar' an Assamese weekly, ULFA had sent a petition addressed to the Secretary General, United Nations for declaring the State of Assam as independent Sovereign SRepublib ULFA has no locus-standi in the matter.

दूरदर्शन पर हिन्दी धारावाहिकों का प्रसारण

1442. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन द्वारा नवम्बर, 1989 से नवम्बर, 1990 तक कितने हिन्दी धारावाहिक टी० वी० पर दिखाये गये हैं तथा उनके नाम क्या हैं ;

(ख) इनमें से प्रत्येक धारावाहिक से दूरदर्शन को कितना लाभ हुआ है ; और

(ग) क्या पिछले एक वर्ष के दौरान टी०वी० धारावाहिकों के प्रसारण के लिये दूरदर्शन ने कोई नीति तैयार की है ; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) नवम्बर, 1989 से नवम्बर, 1990 तक राष्ट्रीय नेटवर्क पर दूरदर्शन द्वारा हिन्दी में 35 धारावाहिक प्रसारित किये गये । उनके शीर्षक विवरण-I में दिये गये हैं । (नीचे देखिए)

(ख) दूरदर्शन के लेखे "लाभ-हानि आधार" पर नहीं रखे जाते हैं । दूरदर्शन धारावाहिकों के निर्माताओं/प्रायोजकों से केवल धारावाहिकों को आंबटित समय स्लाट पर यथा लागू प्रसारण फीस लेता है

(ग) सरकार ने बाहरी निर्माताओं से प्रायोजित कार्यक्रमों के लिये प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने, कार्रवाई करने और अनुमोदन करने हेतु संशोधित मार्ग-दर्शी सिद्धान्त जारी कर दिये हैं । मार्गदर्शी सिद्धान्तों की मुख्य-मुख्य बातें विवरण-II में दी गई हैं ।

विवरण-I

नवम्बर 1989 से नवम्बर, 1990 के दौरान राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित प्रायोजित धारावाहिकों की सूची

क्र.सं.	शीर्षक
	रात्रि 9 बजे
1.	जमीन
2.	तेनालीराम
3.	साधना
4.	गुणीराम
5.	बसेरा
6.	सारा जहां हमारा
7.	युगान्तर
8.	लहू के फूल
9.	आखिरी दांव
10.	मैला आंचल
11.	हिमालय दर्शन
12.	कहां गये वो लोग